Series : DPRPR/4

SET ~ 3

प्रश्न पत्र कोड **3/4/3**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : **40***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **सात** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-क** और **खंड-ख** । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

*(iii) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।*

*(iv) **खंड-क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(v) **खंड-ख** में कुल **4** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

## खंड – क
### (पाठ्य–पुस्तक और पूरक पाठ्य–पुस्तक)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के के व्यक्तित्व के किन्हीं दो पहलुओं का उल्लेख कीजिए, जिनसे आप प्रभावित हैं । इस प्रभाव के उपयुक्त कारण भी स्पष्ट कीजिए । **(2)**

(ख) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक को ऐसा क्यों लगता है कि फ़ादर कामिल बुल्के मन से संन्यासी नहीं थे । क्या आप उससे सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में उचित तर्क दीजिए । **(2)**

(ग) 'लखनवी अंदाज' पाठ में लेखक ने नवाब साहब की किस प्रकार की सनक का परिचय दिया है ? ऐसी सनक के क्या–क्या परिणाम हो सकते हैं ? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए । **(2)**

(घ) 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर बताइए कि नवाब साहब को खीरे खाने की तैयारी करते देख लेखक ने क्या सोचा ? उसके मन में कौन–सी इच्छा जगी और नवाब साहब के पूछने पर उसने खाने से क्यों मना कर दिया ? **(2)**

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) इस सत्र में पढ़ी गई किस कविता में कवि ने बादलों के विविध रूपों का चित्रण किया है ? उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । **(2)**

(ख) 'कन्यादान' कविता में माँ की परंपरागत छवि से हटकर नए दृष्टिकोण से विचार किया गया है । उसमें नया क्या है ? आप उन विचारों से कहाँ तक सहमत हैं और क्यों ? **(2)**

(ग) 'आग' के विषय में माँ बेटी को क्या समझा रही है और क्यों ? 'आग' के संकेत से कविता किस सामाजिक बुराई की ओर भी इशारा करती है ? उल्लेख कीजिए । **(2)**

(घ) फागुन की सुंदरता में ऐसा अलग और अनोखा क्या है कि कवि की आँख उससे हट नहीं रही है ? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर बताइए । **(2)**

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि पहाड़ के सौंदर्य पर मंत्रमुग्ध लेखिका पहाड़ों पर किस दृश्य को देख क्षुब्ध और परेशान हो उठती हैं ? क्या आपने भ्रमण या पर्यटन के दौरान ऐसे दृश्य देखे हैं ? ऐसे दृश्यों और अपने मन पर पड़े उनके प्रभाव को अपने शब्दों में लिखिए । **(3)**

(ख) वात्सल्य और ममता की आधार–भूमि एक रहने पर भी माता–पिता और बच्चों के संबंधों में तब से अब तक बहुत बदलाव हुए हैं । – 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर इसे सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । **(3)**

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर बताइए कि जॉर्ज पंचम की लाट की नाक की तलाश में मूर्तिकार किन–किन जगहों पर गया । किसी भी भारतीय स्वतंत्रता सेनानी की नाक मूर्ति की नाक से बड़ी होने का तात्पर्य क्या है ? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए । **(3)**

## खंड – ख
## (रचनात्मक लेखन)

4. दिए गए विषयों में से **किसी एक** पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **150** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) कोरोना काल के सहयात्री
- कोरोना महामारी का आरंभ और प्रसार • गत दो वर्षों में जीवन का स्वरूप
- जीवन-यात्रा में साथ देने वाले व्यक्ति और वस्तुएँ

(ख) पॉलीथिन थैलियों पर अनिवार्य प्रतिबंध
- पॉलीथिन थैलियों का प्रचलन, प्रसार • प्रतिबंध की आवश्यकता
- सरकार और आम आदमी के सहयोग

(ग) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का दौर
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है ? कैसे काम करती है ? • वर्तमान में इसका प्रचार-प्रसार अधिक कैसे हुआ ? • इसके लाभ और खतरे, हमारे जीवन पर प्रभाव

5. (a) आप पाखी/पंकज हैं जो एक मैनेजमेंट कॉलेज में पढ़ रहे हैं । आपके छोटे भाई/बहन की दसवीं की परीक्षा है । उसे लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखकर परीक्षा की तैयारी के विषय में समझाइए । **5**

**अथवा**

(b) आप सुशील/सुशीला हैं और एक रिहायशी सोसायटी में रहते हैं । इसमें किसी घर में एक व्यक्ति ने दफ्तर खोल लिया है । उससे होने वाली असुविधा के बारे में बताते हुए और रिहायशी सोसायटी के नियमों से उसे अवगत कराने का अनुरोध करते हुए सोसायटी के सचिव को लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

6. (क) (a) आपके बड़े भाई ने बेकरी की एक दुकान खोली है । उसके लिए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) आपकी बहन का एक थिएटर-समूह है । वे इस शहर में अपने नए नाटक का मंचन करने जा रही हैं । उसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

(ख) (a) मुख्य चुनाव आयुक्त की ओर से **50** शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसका विषय है – "मतदान : प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्त्तव्य" । **2½**

**अथवा**

(b) आपकी सोसायटी के पास ठेले लगाने वाले व्यक्ति का **10** वर्षीय बच्चा गुम हो गया है । उसके लिए अखबार में 'खोया-पाया' कॉलम के अंतर्गत एक विज्ञापन **50** शब्दों में तैयार कीजिए । **2½**

7. (क) (a) विदेश में रहने वाले अपने चाचा-चाची को नव वर्ष की शुभकामना का संदेश लगभग **40** शब्दों में लिखिए । **2½**

**अथवा**

(b) अपनी कक्षा के प्रतिनिधि के रूप में सभी सहपाठियों को आगामी बोर्ड की परीक्षा के लिए शुभकामना का संदेश लगभग **40** शब्दों दीजिए । **2½**

**अथवा**

(ख) (a) आपके मित्र ने नीट की परीक्षा में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है । उसे बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में एक संदेश लिखिए । **2½**

**अथवा**

(b) चेन्नई निवासी अपने मित्र को पोंगल के अवसर पर लगभग **40** शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए । **2½**

*